हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
28 अप्रैल 2023, बरेली

PAGE NO : 6 MIDDLE

एसआरएमएस में गुरुवार को टेक फेस्ट का आयोजन किया गया।

टेक फेस्ट में हिस्सा लेकर जीते पुरस्कार

बरेली। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में टेक फेस्ट का आयोजन हुआ। इसमें 317 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। ट्रिकी सर्किट में आयुष कुमार, रवि सिंह और अक्षय मिश्रा की टीम विजेता रही। अमन, आकाश और प्रस्तुति सिंह की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कैड ट्रिक्स में सुभनेश कुमार प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय और अखिल भारती तृतीय स्थान पर रहे। डिकोड में नेहा, दिव्या और अरुण प्रथम व अखिल, सौरभ रोहित गंगवार द्वितीय स्थान पर रहे। पोस्टर प्रेजेंटेशन में सक्षम ने पहला देवांशी ने दूसरा और मनीष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स प्रो. प्रभाकर गुप्ता, डायरेक्टर डॉ. डीएन राव, नाजिया परवीन, रवींद्र कुमार आदि मौजूद रहे।